भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. 208

उत्तर देने की तारीख: 08.07.2019

प्रमुख संस्थाओं को भूमि आवंटन में विलंब

***208. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः**

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भूमि आवंटन में हुए विलंब के कारण केन्द्रीय वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थाओं हेतु स्थाई परिसरों के लिये भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) तथा भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) जैसी प्रमुख संस्थाओं के निर्माण में लगने वाली लागत में अत्यधिक वृद्धि हो गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या क्रमशः जम्मू, धारवाड़, तिरूपति, भिलाई और पालक्कड़ में पांच आईआईटी के स्थाई परिसरों के निर्माण की प्रक्रिया अभी भी चल रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

प्रमुख संस्थाओं को भूमि आवंटन में विलंब के संबंध में श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ द्वारा दिनांक 08.07.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 208 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): जी, हां। कुछ केंद्रीय निधिबद्ध संस्थाओं के संबंध में संबंधित राज्य सरकारों द्वारा भूमि आबंटन में विलंब हुआ है, जो इन संस्थानों के निर्माण में लागत वृद्धि का एक कारण है। इसका ब्यौरा संलग्न अनुबंध पर दिया गया है।

(ख) से (ग): बजट घोषणा 2014-15 और 2015-16 के अनुसार जम्मू (जम्मू और कश्मीर), भिलाई (छत्तीसगढ़), तिरूपति (आंध्र प्रदेश), गोवा (गोवा), पलाक्कड़ (केरल) और धारवाड़ (कर्नाटक) में एक-एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना के साथ छः नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित किए गए हैं।

सरकार ने 2017-18 से 2019-20 तक तीन वर्ष की अवधि के लिए 7002.42 करोड़ रूपए की कुल लागत पर इन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के स्थायी परिसर के निर्माण को अनुमोदित किया है। आईआईटी, गोवा, जहां अभी भूमि सौंपी जानी है, को छोड़कर सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

*****

<u>अनुबंध</u>

प्रमुख संस्थाओं को भूमि आवंटन में विलंब के संबंध में श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ द्वारा दिनांक 08.07.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 208 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

	संस्थान का नाम	**मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन की तारीख**	**भूमि आबंटन की तारीख**
एनआईटी	**अरूणाचल प्रदेश**	17.09.2009	02.02.2012
	दिल्ली	17.09.2009	26.08.2014
	मेघालय	17.09.2009	28.04.2011
	मिजोरम	17.09.2009	25.06.2015
	नागालैंड	17.09.2009	16.01.2015
	पुद्दुचेरी	17.09.2009	16.11.2012
	गोवा	17.09.2009	15.07.2017
	मणिपुर	17.09.2009	31.01.2011
आईआईटी	**जोधपुर**	17.07.2008	07.03.2011
	पटना	17.07.2008	19.04.2011
	भुवनेश्वर	17.07.2008	15.09.2010
	गांधीनगर	17.07.2008	30.07.2012
	रोपड़	17.07.2008	12.06.2009
	इंदौर	17.07.2008	27.06.2012
	मंडी	17.07.2008	18.01.2011
एसपीए	**भोपाल**	26.06.2008	अगस्त, 2010
	विजयवाड़ा	26.06.2008	सितम्बर, 2013